आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03 मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- होली पर्व को लेकर प्रदेश भर में है उत्साह और उमंग का माहौल। देर रात विधि विधान से किया गया होलिका दहन। राज्य के ज्यादातर जिलों में कल खेली जाएगी होली।
- गोरखपुर में भक्त प्रह्लाद की शोभायात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फूलों की होली खेल शांति और सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने का दिया संदेश।
- आज लगेगा वर्ष दो हजार छब्बीस का पहला पूर्ण चंद्रग्रहण। दिन भर बंद रहेंगे अयोध्या, मथुरा और वाराणसी सहित प्रदेश के सभी प्रमुख मंदिरों के कपाट।
- उत्तर प्रदेश ने एक दिन में 22 सौ से अधिक रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन का बनाया नेशनल रिकॉर्ड। फरवरी महीने में लगाये गये 35 हजार 804 रूफटॉप सोलर।

**********

प्रदेश भर में होली पर्व को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल है। कल देर रात प्रदेश के सभी जिलों में विधि विधान के साथ होलिका दहन किया गया। हालांकि चंद्र ग्रहण के कारण ज्यादातर जिलों में होली कल खेली जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर में होलिका दहन के अवसर पर आयोजित भक्त प्रह्लाद की शोभायात्रा में शामिल हुए।

शोभायात्रा की शुरुआत श्री योगी ने भक्त प्रहलाद की विधिवत आरती कर और फूलों की होली खेलकर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में प्रदेश में अनुशासन और विकास का माहौल बना है। उन्होंने गोरखपुर में निर्माणाधीन विरासत गलियारा की चर्चा करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में यह जिले की तस्वीर बदल देगा।

***सबको सुरक्षा का एहसास है, सबको विश्वास है, एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव है और यही रामराज्य की अवधारणा है और प्रधानमंत्री जी इसी बात को लेकर कहते हैं कि जब इस प्रकार की स्थिति आएगी तो भारत को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनने में कोई देर नहीं लगने वाली है और यही स्थिति पैदा करने के लिए यह कार्य चल रहा है। बहुत शीघ्र यह कार्य जब होगा तो आप देखना शानदार गलियारा जो भी जाएगा गौरव की अनुभूति करेगा।***

इस बीच, होली पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने पूरे प्रदेश में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। सभी भीड़–भाड़ वाले इलाकों में खास सतर्कता बरती जा रही है। पर्व को देखते हुए प्रदेश के यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से कई होली विशेष ट्रेनों का संचालन भी किया जा रहा है।

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल वाराणसी में क्षेत्रीय सरस मेले के समापन समारोह में शामिल हुए। इस आवासीय मेले में विभिन्न प्रदेशों और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये महिला समूहों ने लगभग एक करोड़ रुपए का व्यापार किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश में अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति महिला क्लब में शामिल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री मौर्य ने बीमा सखियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही वाराणसी के 703 महिला समूहों को सामुदायिक निवेश निधि और 20 समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड में 10 करोड़ साठ लाख रुपए से अधिक की धनराशि का चेक प्रदान किया।

**********

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सरकार पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री पुरी ने कहा कि देश में प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता और सामर्थ्य सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। श्री पुरी ने कहा कि उन्होंने मंत्रालय और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कच्चे तेल, एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति की समीक्षा की।

**********

पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए कतर के दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय समुदाय से अनुरोध किया है कि वे ऑफिशियल चैनल के जरिए जारी की गई खबरों और गाइडलाइंस का ही पालन करें। भारतीय दूतावास अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। एक रिपोर्ट–

**एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से भारतीय दूतावास ने नागरिकों से अपील की है कि वे बेहद जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। कतर सिविल एविएशन अथॉरिटी ने कन्फर्म किया है कि कतर का एयरस्पेस बंद है इसलिए हमाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ऑपरेशन रोक दिए गए हैं और अथॉरिटी द्वारा एयरस्पेस को सुरक्षित रूप से फिर से खोलने की घोषणा के साथ ही ऑपरेशन दोबारा शुरू हो जाएंगे। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे एयरपोर्ट पर न जाएं और लेटेस्ट अपडेट के लिए अपनी–अपनी एयरलाइन से संपर्क करें जानकारी के लिए वेरिफाइड और ऑफिशियल हैंडल पर ही भरोसा करें । समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

**********

वर्ष दो हजार छब्बीस का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण आज लगेगा। लखनऊ सहित उत्तर भारत में इसका अंतिम चरण देखा जा सकेगा। लखनऊ की इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला परिसर में जनसामान्य के लिए निःशुल्क आकाश दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा

है। इसमें नक्षत्रशाला द्वारा टेलिस्कोप से चंद्रग्रहण दर्शन लोगों को करवाया जायेगा। यह विशेष कार्यक्रम शाम 7 बजे तक संचालित किया जायेगा। चंद्र ग्रहण के दौरान आज प्रदेश के प्रमुख मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि चंद्र ग्रहण से पहले ही मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे।

***काशी में जो चंद्रग्रहण का समय हमारे आचार्यों ने गणना की है तो उसमें 3 मार्च 2026 को चंद्रोदय का समय सायम 5.59 पर है और ग्रहण मोक्ष का समय सायम 6.47 पर है। इसके अनुसार अपराह्न 4.30 पर मंदिर के कपाट बंद किए जाएंगे और शुद्धिकरण पूजन इत्यादि के उपरांत 7.15 पर मंदिर के कपाट पुनः खोले जाएंगे।***

रामनगरी अयोध्या में भी चंद्र ग्रहण के प्रभाव के चलते सभी प्रमुख मठ और मंदिरों के पट सुबह लगभग 8 बजे से रात 8 बजकर 30 मिनट तक बंद रहेंगे। श्री राम जन्मभूमि मंदिर, कनक भवन, दशरथ महल और हनुमानगढ़ी सहित सभी मंदिरों में दर्शन–पूजन नहीं होगा। वहीं, मथुरा में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के सेवायत प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ने बताया कि वहां मंदिर के पट शाम सात बजे तक बंद रहेंगे।

**********

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए उत्तर प्रदेश ने 28 फरवरी को एक दिन में सर्वाधिक 2,211 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन कर नेशनल रिकॉर्ड स्थापित किया है। राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार राज्य में अब तक 11 लाख 64 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। एक रिपोर्ट–

***राष्ट्रीय पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक 3 लाख 93 हजार से अधिक रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पूरे हो चुके हैं। जिससे करीब 3 लाख 98 हजार परिवार लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश में कुल स्थापित सौर क्षमता 1343 दशमलव 5 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत 2,663 करोड़ रुपये से अधिक की केंद्र सरकार की सब्सिडी और लगभग 920 करोड़ रुपये की राज्य सरकार की सब्सिडी लाभार्थियों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि फरवरी माह में प्रदेश में रिकॉर्ड 35 हजार 804 रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए गए। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।***

**********

श्रम और रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी दर्शन में आयोजित एक समारोह में "महात्मा ए ग्रेट कम्युनिकेटर" नामक पुस्तक का कल विमोचन किया। पुस्तक का लेखन आकाशवाणी के अपर महानिदेशक डॉ. धीरज काकड़िया ने किया है।

**********

जौनपुर के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मैनुद्दीनपुर के छात्र अनुराग यादव ने राष्ट्रीय आय और योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। अनुराग ने 180 में से 172 अंक हासिल कर जौनपुर जिले का मान बढ़ाया है। मैनुद्दीनपुर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने बताया कि चयनित छात्रों को सरकार की ओर से कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई के लिए 48 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल तक, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पांच मार्च तक तेज सतही हवा चलने की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा।

**********